आइआइएम में यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम 2 .0 लांच

रांची. आइआइएम रांची ने यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम 2.0 लांच किया है. इसको लेकर आइआइएम रांची व रसाबेड़ा ग्राम समिति के बीच एमओयू हुआ है. आइआइएम ने गांव के विकास के लिए यंग चेंजमेकर्स कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों द्वारा अर्जित 1.8 लाख रुपये देने का वादा किया. मौके पर आइआइएम के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव, प्रो गौरव मराठे, जयंत त्रिपाठी आदि मौजूद थे. आइआइएम रांची ग्राम विकास योजना को विकसित करने और लागू करने में सहायता प्रदान करेगा. रसाबेड़ा गांव में रूरल इमर्शन बूटकैंप 21 से 24 दिसंबर तक लगाया जायेगा. इसे सामाजिक कार्यों और सामुदायिक विकास के प्रति उत्साही युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है. यह आयोजन एक वैश्विक गठजोड़, विविध दृष्टिकोण और प्रतिभाओं को निखारने का काम करेगा, जहां विभिन्न सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति सामूहिक रूप से अन्वेषण और नवाचार की बहुमुखी भावना का पता लगाने, साझा करने और जश्न मनाने के लिए एकत्रित होंगे.

Prabhat Khabar, 13.10.2023, Pg.5